प्रमाणन मानक की अपेक्षाओं में परिवर्तन के बारे में हमारे लाइसेंसधारकों में जागरूकता पैदा करने तथा भा मा ब्यूरो के लाइसेंसधारकों से सीधे फीडबैक लेने के उद्देश से क्षेत्रीय कार्यालयों में समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। भा मा ब्यूरो के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय ने 20 फरवरी 2009 को कोलकाता में समीक्षा बैठक आयोजित की।

Licensees' Review Meeting

For the purpose of creating awareness among our licensees about change in the requirements of certification Standards and for obtaining first hand feed back from the licensees of BIS, Review Meetings with BIS Licensees' are organized in the regional offices. Eastern Regional Office of BIS organized a Licensees' Review Meet on 20 February 2009 at Kolkata.

प्रवर्तन गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो मानक मुहर (आईएसआई मुहर) गुणवत्ता की मुहर है और छः से भी अधिक दशकों में इसने अपनी एक ब्रांड छवि बना ली है क्योंकि उपभोक्ता हमेशा गुणवत्ता वाले उत्पादों को पसंद करता है। इसलिए उपभोक्ता और संगठित क्रेता गैर-आईएस उत्पादों की तुलना में आईएसआई मुहर वाले उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं। आईएसआई मुहर की बढ़ती मांग के साथ आईएसआई मुहर के दुरूपयोग की घटनाएँ भी बढ़ रही हैं क्योंकि धोखेबाज़ विनिर्माता भा मा ब्यूरो से लाइसेंस प्राप्त किए बिना घटिया स्तर के उत्पादों पर आईएसआई मुहर लगा कर उपभाक्ताओं को धोखा दे रहे हैं ।

1 अप्रैल 2008 और 31 मार्च 2009 के दौरान आईएसआई मुहर का दुरूपयोग करने वाली फर्मों पर देशभर में 156 छापे मारे गए। इनमें से आईएसआई मुहर के दुरूपयोग के 51 मामलों में भा मा ब्यूरो के पक्ष में निर्णय हुआ। इन छापों के दौरान विभिन्न नकली उत्पादों जिनमें अनेक घरेलू उत्पाद, पैकेजबंद पेयजल, डीजल इंजन, जीएलएस बल्ब, समर्सिबल पंप, ब्लाक बोर्ड और प्लाईवुड के उत्पाद, सीमेंट, पीवीसी केबल, स्विच एवं प्लग्स और बिजली के उपस्कर आदि जब्त किए गए। प्रवर्तन मामलों में यथा समय कार्रवाई के प्रयास किए गए। इसके फलस्वरूप अभियक्तों के खिलाफ न्यायालयों में अभियोजन प्रारंभ किए गए।

भा.मा.ब्यूरो के वैध लाइसेंस न रखने वाले विनिर्माताओं द्वारा उत्पादों पर आईएसआई मुहर के दुरूपयोग की सूचना देने के लिए भा.मा.ब्यूरो ने आउटसोर्स एजेंसियों को नियुक्त किया है। अवधि के दौरान विभिन्न

ENFORCEMENT ACTIVITIES

The BIS Standard Mark (ISI Mark) is a quality mark and also has established its brand image for more than six decades as the consumer is always inclined towards quality products. Therefore, the consumer as well as the organized purchaser prefers ISI Marked products. With the growing demand of ISI marked the instance of misuse of ISI Mark is also on the rise as the unscrupulous manufacturers are trying to cheat the consumers by producing sub-standard products with ISI Mark without obtaining the licence from BIS.

During the period 1 April 2008 to 31 March 2009, BIS has carried out 156 enforcement raids all over the country on firms misusing ISI Mark. During the period 51 cases of misuse of ISI Mark have been decided in favour of BIS by the various courts. During these raids, various spurious products including many household products such as Packaged Drinking Water, GLS Lamps, Diesel Engine, Block Board and Plywood products, PVC Cables, Switches, Socket and Cables, Electrical Appliances, and Submersible Pumps and Cement, etc. were seized. Efforts are also being made for timely processing of the enforcement cases and consequent launching prosecution against the offenders in the Courts.

BIS has appointed outsourced agencies to provide the information about the manufacturers who are misusing the ISI Mark on the products without having a valid licence

क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों के क्षेत्रों में आने वाले 13 स्थानों के लिए आउटसोर्स एजेंसियाँ नियुक्त की गई। ये स्थान हैं - दिल्ली, भुवनेश्वर, कोलकाता, चंडीगढ़, बंगलौर, कोयम्बत्तूर, चेन्नई, तिरूवनंतपुरम, अहमदाबाद, मुंबई, नागपुर, पुणे और भा.मा.ब्यूरो का राजकोट शाखा कार्यालय।

भा.मा.ब्यूरो के प्रवर्तन विभाग ने भा.मा.ब्यूरो के शाखा कार्यालयों के प्रवर्तन/नोडल अधिकारियों के लिए 4 फरवरी 2009 को एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें तलाशी एवं जब्ती अभियानों, भा.मा.ब्यूरो के नियमों एवं अधिनियमों, साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत स्वीकार्य साक्ष्यों को एकत्र करने के तरीकों, प्रवर्तन गतिविधियों के कानूनी पक्षों तथा कमज़ोर बिन्दुओं की भरपाई के लिए छापों की कमियों/साक्ष्यों को एकत्र करने की जानकारी प्रतिभागियों को दी गई।

आउटसोर्सिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों को प्रवर्तन गतिविधियों के विभिन्न पक्षों से अवगत कराने के लिए भी एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसके अतिरिक्त भा मा ब्यूरो ने देश भर में प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आईएसआई मुहर का दुरूपयोग करने वाले नकली विनिर्माताओं के विरूद्ध उपभोक्ताओं में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से व्यापक कवरेज देते हुए प्रवर्तन छापों की अनेक प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी की हैं। भा.मा.ब्यूरो के सभी शाखा कार्यालयों को यह परामर्श दिया गया है कि माननीय न्यायालय द्वारा दोशियों के विरूद्ध दिए गए फैसलों को व्यापक रूप से प्रचारित करें ताकि उपभोक्ताओं में अधिक जागरूकता पैदा की जा सके।

इसकी जानकारी भा.मा.ब्यूरो के मासिक प्रकाशन स्टैंडर्ड इंडिया में भी दी जाती है।

प्रयोगशाला सेवाएँ

भा.मा.ब्यूरो ने आठ प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं जिसकी शुरूआत 1962 में केन्द्रीय प्रयोगशाला की स्थापना से की गई थी। मोहाली, कोलकाता, मुंबई और चैन्नई में चार क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं और पटना, बंगलौर एवं गुवाहाटी शाखा कार्यालयों में तीन प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं। भा.मा.ब्यूरो की प्रयोगशालाओं की स्थापना का उद्देश्य भा.मा.ब्यूरो की उत्पाद प्रमाणन मुहर योजना के कार्यकलापों में सहायता करना है। इन प्रयोगशालाओं में लाइसेंसधारकों/आवेदकों और खुले बाज़ार से लिए जाने वाले नमूनों का भी परीक्षण किया जाता है। भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में रसायन, खाद्य, बिजली और यांत्रिक उत्पादों के परीक्षण की सुविधाएं हैं। केन्द्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद में बिजली के उत्पादों के इन-हाउस उत्पादों के अंशशोधन की सुविधा है।

भा.मा.ब्यूरो की प्रयोगशालाएं अपनी सुविधाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रगति के साथ बनाए रखें इसके लिए उसने अपनी मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, मोहाली, बंगलौर और साहिबाबाद स्थित प्रयोगशालाओं को अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएस/आईएसओ/आईईसी 17025 के अनुसार राष्ट्रीय अंशशोधन एवं परीक्षण प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से प्रत्यायित कराया है।

उत्पाद प्रमाणन योजना से मिलने वाले नमूनों की मात्रा भा.मा.ब्यूरों प्रयोगशालाओं में उपलब्ध क्षमता से कहीं अधिक होने के कारण भा.मा.ब्यूरो

from BIS. During this period, Outsourced agencies for 13 locations have been appointed falling under the jurisdiction of various Regional Offices/Branch Offices. These locations are Delhi, Bhubaneshwar, Kolkata, Chandigarh, Bangalore, Coimbatore, Chennai, Thiruvananthapuram, Ahmedabad, Mumbai, Nagpur, Pune and Rajkot Branch Offices of BIS.

One day training programme was organized by Enforcement Department, BIS for Enforcement/Nodal Officers of Branch Offices of BIS on 4th February 2009 to enlighten the participants about requirements of Search & Seizure operations *vis-a-vis BIS Act* Rules and Regulations, Manner of collection of evidences admissible under *Evidence Act*, Legal aspects of enforcement activity and shortcomings in the raid/collection of evidences to plug the loop holes.

Training prgrammes have also been conducted for representatives of the outsourced agencies to make them aware of the various aspects of enforcement activities.

Apart from above, BIS has also issued number of press releases about the enforcement raids for giving wide coverage by both the print and electronic media with the intention to create awareness among the consumers about the unscrupulous manufacturers who are misusing ISI Mark. All the Branch Offices of BIS have been advised to give wide publicity on pronouncement of judgement against the offenders by the Hon'ble Courts to create more awareness amongst the consumer.

These have also been brought out in the Standard India, the monthly publication of BIS.

LABORATORY SERVICES

BIS has established eight laboratories beginning with the establishment of Central Laboratory in 1962. Subsequently, four regional laboratories were established at Mohali, Kolkata, Mumbai and Chennai and three branch office laboratories at Patna, Bangalore and Guwahati. The purpose of establishing BIS laboratories is to support the activities of BIS product certification marks scheme wherein the samples generated from the licensees/applicants and also from the open market are tested in these BIS laboratories. The BIS laboratories have facilities for testing of products in the field of chemical, food, electrical and mechanical discipline. In-house calibration facilities in the field of electrical discipline are available at Central Laboratory, Sahibabad.

In order to ensure that BIS laboratory services are keeping pace with the developments at the International level, the laboratories at Mumbai, Kolkata, Chennai, Mohali, Bangalore and Sahibabad have been accredited by the National Accreditation Board for Calibration and Testing Laboratories (NABL) as per IS/ISO/IEC 17025.

As the volume of workload for testing of samples generated from product certification scheme is much larger than the available capacity in BIS labs, BIS has

ने बाहरी प्रयोगशालाओं को मान्यता देने की योजना बनाई है। यह योजना सुप्रलेखित अंतर्राष्ट्रीय मानदंडो (आईएस / आईएसओ / आईईसी 17025 : 2005) पर आधारित है और ये मानदंड अंशशोधन एवं परीक्षण प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा अपनाए गए मानदंडो के अनुरूप हैं। इन मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में अनुसंधान एवं विकास संगठन, तकनीकी संस्थान, सरकारी प्रयोगशालाएं और निजी क्षेत्र की प्रयोगशालाएं शामिल हैं। इन प्रयोगशालाओं की सेवाएं तब भी ली जाती हैं जब भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में आर्थिक रूप से परीक्षण सुविधाएं विकसित करना व्यवहार्य न हो, भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में बड़ी संख्या में नमूने इकट्ठे हो जाएं, उपकरण अस्थायी तौर पर काम न कर रहे हो इत्यादि। वर्तमान में भा.मा.ब्यूरो विभिन्न उत्पादों के लिए 126 बाहरी प्रयोगशालाओं का उपयोग कर रहा है।

उत्पादकता

भारतीय मानक ब्यूरो की देश भर में स्थित आठ प्रयोगशालाओं के नेटवर्क ने संबद्ध भारतीय मानकों के अनुरूप भा मा ब्यूरो द्वारा प्रमाणित उत्पादों के अनुरूपता परीक्षण के लिए परीक्षण सेवाओं एवं परीक्षण से संबंधित कार्य किए। 1 अप्रैल 2008 से मार्च 2009 की अवधि के दौरान परीक्षण कार्मिकों की लगातार घटती संख्या के बावजूद व्यापक श्रेणी के उत्पादों की 20802 परीक्षण रिपोर्ट जारी की। परीक्षण करने वाले परीक्षण कार्मिकों की स्वीकृत संख्या 180 की तुलना में वर्तमान में 115 रह गई है।

आकृति 4 में पिछले पांच वर्षों में भा मा ब्यूरो द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों के संदर्भ में आउटपुट दर्शाई गई है।



आकृति 4 भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या

Fig. 4 Number of test reports issued by BIS Laboratories

established a scheme of recognition of outside laboratories. The scheme is based on a well documented international norms (IS/ISO/IEC 17025 : 2005) which is inline with the norms adopted by the National Accreditation Board for Calibration and Testing Laboratories (NABL). The recognized labs include the reputed R&D organizations, technical institutions, Government labs and Private sector labs. The services of such laboratories are also utilized where it is economically not viable to develop test facilities in BIS laboratories, accumulation of large number of samples in BIS labs, equipment temporarily being out of order, etc. At present 126 outside laboratories are being utilized by BIS for different products.

Productivity

The network of eight BIS laboratories spread throughout the country, continued to provide testing services and test related activities to undertake conformity testing of BIS certified products against relevant Indian Standards. For the period from 01 April 2008 to 31 March 2009, BIS laboratories have issued 20802 test reports covering wide range of products despite constant depletion of testing personnel. The strength of testing personnel involved in the testing is now 115 against the sanctioned strength of 180.

The output in terms of Number of test reports issued by BIS Laboratories in the last five years is depicted in Fig. 4:

गुणता आश्वासन गतिविधियां

प्रयोगशाला प्रबंध पद्धति के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाया गया तथा आईएस / आईएसओ / आईईसी 17025 : 2005 मानक पर आधारित प्रलेखों को कार्यान्वित किया गया। इस क्षेत्र की विशेष उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:

i) गुणता आश्वासन परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नमूनों का परीक्षण।

ii) गैस के चूल्हों, प्रैशर कुकर, सीमेंट, फोर्जित पीतल की छड़, इस्पात की चद्दर, यूपीवीसी के पाइप आदि उत्पादों के विभिन्न पैरामीटरों के दक्षता परीक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना।

iii) अधिकारियों/तकनीकी कार्मिकों ने निम्नलिखित आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना।

   क) ऑडिट करने की तकनीक और आईएस/आईएसओ/आईईसी 17025 की ऑडिटिंग अपेक्षाऐं।

   ख) अनिश्चितता के मापन का आकलन।

   ग) आईएलसी/दक्षता परीक्षण प्रशिक्षण।

Quality Assurance Activities

For effective monitoring of quality system, the laboratories have updated and implemented the documents based on Standard IS/ISO/IEC 17025:2005. The highlights of the achievements are as below:

i) Samples tested under different Quality Assurance testing programme.

ii) Participation in Proficiency testing and ILC programmes for various parameters of products like LPG stove, Pressure cooker, Cement, Forged Brass Bar, Steel sheet, UPVC Pipes etc.

iii) Officers/technical personnel attended the following training programme :

   a) Auditing techniques and auditing requirements of IS/ISO/IEC/17025.

   b) Estimation of measurement of uncertainty.

   c) ILC/Proficiency testing training.

घ) भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं में गैर वित्तीय कार्यकारियों के लिए वित्त संबंधी प्रशिक्षण ।

ङ) सूक्ष्मजैवीय अपेक्षाओं में तकनीकीगत प्रक्रिया।

iv) उपभोक्ता फीडबैक इकट्ठी की गई और उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए समुचित कार्यवाही की गई।

उत्पाद परीक्षण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

क) भा मा ब्यूरो के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों द्वारा जब और जहां अनुरोध पर भा मा ब्यूरो के तकनीकी कार्मिकों, लाइसेंसधारकों/आवेदकों हेतु नवीनतम भारतीय मानकों के अनुरूप उत्पाद परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। पिछले वर्ष के दौरान प्रेशर कुकर, एलपीजी स्टोव, इस्पात उत्पादों का भौतिक परीक्षण, अग्नि शामक, पेय जल का सूक्ष्मजैविक परीक्षण इत्यादि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ख) उत्तर क्षेत्रीय प्रयोगशाला, मोहाली की यांत्रिक प्रयोगशाला में तैनात परीक्षण कार्मिकों हेतु पम्प परीक्षण के लिए एक आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग) दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों को खाद्य एवं सूक्ष्मजैवीय परीक्षण में प्रशिक्षण हेतु ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया

परीक्षण सुविधाओं का आधुनिकीकरण

कार्यकारी समिति के निर्देश पर प्रयोगशालाओं के आधुनिकीरण हेतु निम्नलिखित विचारणीय विषयों के विचारार्थ स्थायी समिति गठित की गई

- आंशिक परीक्षण सुविधाएं
- वर्तमान सुविधाओं का उन्नयन
- नई परीक्षण सुविधाएं तैयार करना
- ढांचा

मुहर विभाग के साथ हुए विचार-विमर्श के बाद हुई दो बैठकों में स्थायी समिति ने कुल 403 परीक्षण उपस्करों की सिफारिश की जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी निधि की स्वीकृति दी। आधुनिकीकरण कार्यक्रम में अतिरिक्त श्रमशक्ति अर्थात सहायक स्टाफ के साथ तकनीकी अधिकारी, परीक्षण कार्मिक भी शामिल हैं। जहां कही संभव हुआ कुछ सेवाओं को आउटसोर्स करना भी प्रस्तावित किया गया।

इसके लिए भा मा ब्यूरो की विभिन्न प्रयोगशालाओं को लगभग 2.75 करोड़ रूपए के उपस्कर मिल चुके हैं और उनके संस्थापन के लिए ढांचा विकसित किया जा चुका है। 3 करोड़ से अधिक के मूल्य के और उपस्करों के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

स्केन की गई रिपोर्ट क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों को भेजना

भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं द्वारा परीक्षित नमूनों की सभी परीक्षण रिपोर्टे स्केनिंग करके सभी शाखा कार्यालयों को हार्ड कॉपी की बजाए इंटरनेट द्वारा भेजी गई। इस प्रक्रिया से समय तथा धन की बचत हुई तथा इससे हार्ड कापी के दुरूपयोग की संभावना नहीं रहती है।

स्वर्णाभूषणों हेतु दक्षिण क्षेत्रीय प्रयोगशाला में संदर्भ एवं एसेयिंग केन्द्र

दक्षिण क्षेत्रीय प्रयोगशाला में आवश्यक उपस्कर उपलब्ध कराकर उसे

d) Training on finance for non-finance executives in BIS labs.

e) Technological processes in microbiological requirement.

iv) The customer feedbacks were collected and appropriate action were taken to the satisfaction of the customers

Training Programme on Product Testing

a) As and when requested by BIS ROs/BOs, BIS laboratories organized training programmes on product testing for technical personnel of BIS product certification licensees/applicants in line with latest Indian Standards. The products covered during last year were pressure cooker, LPG stove, physical testing of steel products, fire extinguisher, microbiological testing on Drinking Water etc.

b) An internal training programme on pump testing for testing personnel of mechanical lab was organized at Northern Regional Laboratory, Mohali.

c) Summer training in Food and Microbiological testing was provided to students of Delhi University.

Modernization Programme of Laboratories

On directions of Executive Committee, the Standing Committee for modernization of Labs was constituted with following terms of reference

- Completion of partial testing facilities
- Up-gradation of existing testing facilities
- Creation of new testing facilities
- Infrastructure

In its two meetings held after interactions with various Marks Departments, a total of 403 test equipments were recommended by the Standing Committee. Adequate funds were approved by the Competent Authority. The Modernization Programme also involves the requirements of additional manpower that is Technical Officers, Testing Personnel along with supporting staff. Wherever possible, it was proposed for some of the services to be outsourced.

In this process equipment to the tune of around Rs. 2.75 crores have already been procured by various BIS labs and infrastructure developed for their installation. Further orders for additional equipment worth more than 3 crores are being issued.

Sending of Scanned Reports to Regional/Branch Offices

All reports for sample being tested by BIS labs are sent through Internet after scanning to all Branch Offices instead of hard copies. This has led to major saving of time, money and probable misuse of hard copies.

Referral and Assaying Centre at SROL for Gold Jewellery

Southern Regional Office Laboratory is being developed

हॉलमार्क अंकित स्वर्णाभूषणों हेतु संदर्भ प्रयोगशाला के रूप में विकसित किया गया। संदर्भ केन्द्र 2009 में कार्य प्रारंभ कर सकता है।

सतर्कता गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो में सतर्कता गतिविधियों का कार्यक्षेत्र और प्रकृति

भा मा ब्यूरो के सतर्कता विभाग का अध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी हैं । उसकी सहायता के लिए चार सतर्कता अधिकारी तथा दो क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी पश्चिम तथा दक्षिण क्षेत्रों में तैनात हैं। उन्हें सतर्कता कार्यकलापों का कार्य सौंपा गया है। यह विभाग अन्य अभिकरणों यथा 'केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी), केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), 'उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय' और 'कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी)' के साथ निकट समन्वय में काम करता है । सतर्कता विभाग की गतिविधियाँ वार्षिक कार्य योजना के अनुसार चलाई जाती हैं, जिनका निर्धारण प्रतिवर्ष किया जाता है। इस विभाग के मूल कार्यकलाप सतर्कता के निवारक, संसूचक और दंडात्मक पहलुओं के बारे में हैं । सतर्कता विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्य निम्नलिखित हैं :

क) ब्यूरो के कर्मचारियों द्वारा वार्षिक सम्पत्ति विवरणियों और चल तथा अचल संपत्तियों के अंतिम लेन-देन जब और जैसे दर्ज कराए जाने पर उनकी संवीक्षा / जाँच करना।

ख) विभाग/कर्मचारी के अनुरोध पर पदोन्नति, पासपोर्ट, विदेशों में कार्य करने पर विचार करने और बाहर के पदों के लिए भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों के आवेदन भेजने के लिए सतर्कता की अनुमति देना।

ग) केन्द्रीय सतर्कता आयोग / सीबीआई / मंत्रालय के माध्यम से या तो प्रत्यक्ष रूप से सतर्कता विभाग में प्राप्त स्रोत सूचना और शिकायतों की जाँच और गहराई से जाँच-पड़ताल करना। जाँच-पड़ताल के आधार पर मिले परिणाम के आधार पर आवश्यक होने पर शिकायत दर्ज करना; या केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सलाह पर दोषी अधिकारी (अधिकारियों) के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई आरंभ करना।

घ) भा मा ब्यूरो के कर्मचारीओं को आचरण नियमावली, सीसीएस (सीसीए) नियमावली और लागू होने वाले अन्य विभिन्न संबंधीत नियमों / विनिमयों तथा मैनुअलों के विभिन्न प्रावधानों के बारे में अवगत करना और सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता कार्यशालाओं तथा संबंधित विषयों पर कार्यक्रमों के माध्यम से भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों में सतर्कता कार्य के महत्त्व के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना।

ङ) निवारणात्मक सतर्कता के भाग के रूप में ब्यूरो के विभिन्न कार्यकलापों के सतर्कता ऑडिट आयोजित करना और कमियों को दूर करने के लिए अंतरालों में सुधार लाने एवं स्वनिर्णय के कार्यक्षेत्र को हटाने के लिए व्यवस्थित सुधारों का सुझाव देना।

च) यदि भ्रष्टाचार का कोई मामला हैं तो सीधा फीडबैक प्राप्त करने के लिए

as a referral laboratory for Hallmarked jewellery by equipping it with the necessary equipment. The referral centre is expected to be ready for operation in 2009.

VIGILANCE ACTIVITIES

Scope and Nature of Vigilance Activities in BIS

Vigilance Department of BIS is headed by the Chief Vigilance Officer and assisted by four Vigilance Officers and two Regional Vigilance Officers posted in the Western and Southern Region Offices of BIS. Vigilance Department is entrusted with the responsibility of managing all vigilance related activities. The department functions in close coordination with other agencies such as the Central Vigilance Commission (CVC); the Central Bureau of Investigations (CBI); the Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution; and the Department of Personnel & Training (DoPT). The activities of the Vigilance Department are organized in accordance with an Annual Action Plan, which is formulated every year. The key functions of the department revolve around the preventive, the detective, and the punitive aspects of vigilance. The work undertaken by the Vigilance Department is as follows:

a) Scrutiny/examination of Annual Property Returns and transactions in movable and immovable properties, as and when filed by the employees of the Bureau;

b) Granting clearances for considering promotions, issuance of passport, foreign assignments and forwarding applications of BIS employees for outside posts as and when requested by the department / employee;

c) Examine source information and complaints received either directly from the complainant or through the CVC/Ministry and conduct thorough investigations. On the basis of the outcome of the investigation, in case, it is called for, initiate disciplinary proceedings against the delinquent official on the basis of advice of CVC;

d) In order to apprise BIS employees about various provisions of the CCS (Conduct) Rules, the CCS (CCA) Rules and various other related Rules/Regulations and Manuals in operation; and create greater awareness among the BIS employees, conducts workshops and awareness programmes on relevant subjects;

e) Conduct vigilance audits of various work activities of the Bureau and branch/ regional offices as part of prevalent preventive vigilance and suggest systemic improvements to plug loop holes; and

f) Organize meetings with BIS licensees, consumer organizations and manufacturers' associations for

भा मा ब्यूरो के लाइसेंसधारियों / आवेदकों, उपभोक्ता संघठनों और उद्योग संघो के साथ बैठकें आयोजित करना और व्यवस्थित सुधार तथा अधिक पारदर्शिता लाने के लिए सुझाव देना।

वर्ष के दौरान सतर्कता विभाग ने ब्यूरो के परवानू शाखा कार्यालय, मुहर विभाग मुंबई - II, मुहर विभाग दिल्ली - II और जयपुर शाखा कार्यालय में चार सतर्कता ऑडिट किए। इसके अतिरिक्त विभिन्न पदाधिकारियों के विरूद्ध प्रक्रियाविधियों के अनुपालन न करने के मामलों में सतर्कता जाँच-पड़ताल की गई। भा मा ब्यूरो के लाइसेंसधारकों के सत्ताईस औचक निगरानी निरीक्षण किए गए और इसके फलस्वरूप दो लाइसेंसों के मुहरांकन रोके गए। अवधि के दौरान अगले वित्त वर्ष में किए जाने वाले निवारक सतर्कता ऑडिट की योजना भी बनाई गई।

लंबित जांचों को निपटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के हिस्से के रूप में भा मा ब्यूरो के महानिदेशक, अनुशासनिक प्राधिकारी, की अध्यक्षता में 24 - 10 - 2008 को निरीक्षण अधिकारियों की एक बैठक भी आयोजित की गई।

भा.मा.ब्यूरो के अधिकारियों के लिए अप्रैल 2008 में एनआईटीएस, भा मा ब्यूरो नोएडा में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उन्हें विभागीय कार्रवाई में निरीक्षण अधिकारी की भूमिका का निर्वाह करने का प्रशिक्षण दिया गया।

भा मा ब्यूरो के अधिकारियों के लिए सामाजिक अनुसंधान प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा 29 व 30 जनवरी 2009 को एनआईटीएस, भा.मा.ब्यूरो. नोएडा में "प्रजेंटिंग अधिकारियों के दायित्व" विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सतर्कता विभाग ने फरवरी 2009 में भा.मा.ब्यूरो के अधिकारियों के लिए विशाखापत्तनम् शाखा कार्यालय में आधे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें उन्हें सीसीएस (सीसीए) नियमों की जानकारी दी गई।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार भारतीय मानक ब्यूरो में 3 से 7 नवम्बर 2008 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। भा.मा.ब्यूरो के महानिदेशक ने 3 नवम्बर 2008 को मुख्यालय में भा.मा.ब्यूरो के कर्मचारियों को शपथ दिलाई। भा.मा.ब्यूरो के सभी कार्यालयों ने भ्रष्टाचार विरोधी बैनर/पोस्टर/नारों को प्रमुखता के साथ प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त व्याख्यान, निबंध प्रतियोगिता, परिचर्चा इत्यादि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और भा.मा.ब्यूरो के विभिन्न कार्यालयों में इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस सप्ताह के दौरान भा.मा.ब्यूरो के मुख्य सतर्कता अधिकारी के साथ जयपुर शाखा कार्यालय के अंतर्गत आने वाले लाइसेंसधारकों की 5-11-2008 को जयपुर में एक बैठक भी आयोजित की गई। यह बैठक भा मा ब्यूरो में व्यवहार में लाई जा रही पद्धतियों एवं मानदंडों के बारे में सीधे फीडबैक लेने और उन्हें बेहतर बनाने के सुझावों के लिए आयोजित की गई। जयपुर शाखा कार्यालय में कार्यरत भा.मा.ब्यूरो के अधिकारियों के लिए 5-11-2008 को एक सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। भा.मा.ब्यूरो में व्यवस्थित सुधार लाने के लिए सतर्कता विभाग द्वारा दिए गए सुझावों पर एनसीआर में तैनात मध्य क्षेत्रीय कार्यालय और उत्तर क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारियों के लिए मुख्यालय में भी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

gathering direct feed-back relating to instances of corruption, if any, and elicit suggestions for introducing systematic improvements and greater transparency.

During the period, Vigilance Department conducted four preventive vigilance audits at Parwanoo Branch Office, Marks Department Mumbai-II, Marks Department Delhi-II and Jaipur Branch office of the Bureau. Vigilance investigations were undertaken on instances of non-compliance of procedures against various officials. Twenty Seven surprise surveillance inspections of BIS licensees were also carried out and as a result, two licences were put under stop marking. During the period, preventive vigilance audit to be carried out in next financial year were also planned.

As part of the ongoing drive for expediting disposal of pending inquiries, a meeting of the Inquiry Officers was also organized on 24-10-2008 under the chairmanship of the DG, BIS, the Disciplinary Authority, and deadlines were given to the IOs for expediting completion of the inquiries pending with them.

A Training Programme for BIS officials was also organized in April 2008 at NITS, BIS, NOIDA for training them for performing the role of Inquiry Officer in departmental proceedings.

A Training Programme for BIS officers on "Responsibilities of Presenting Officers" was organized through Centre for Training at Social Research, Delhi on 29th and 30th January 2009 at NITS, BIS, NOIDA.

A half day Training Programme for BIS officials at Vishakhapatnam Branch Office was organized by Vigilance Department in Feb 2009 for apprising them about CCS (CCA) Rules.

As per the directions of the Central Vigilance Commission, Vigilance Awareness Week was observed in BIS from 3rd to 7th November 2008. The DG, BIS administered a pledge to all the BIS employees in Head Office on 3rd November 2008. Banners/posters/slogans on the theme of anti-corruption were prominently displayed in all BIS offices. Besides, other activities such as lectures, essay competitions, debates, etc. were also organized and prizes distributed to the winners of these competitions at various BIS offices. During the week, a meeting of BIS licensees under Jaipur Branch Office of BIS with CVO was also organized in Jaipur on 5-11-2008 to obtain direct feedback regarding the systems and norms being practiced in BIS and suggestions for further improvement. A vigilance awareness programme for BIS officials posted in JBO was also organized on 5-11-2008. One more workshop was organized at Head Office for CRO & NRO officers posted in NCR on the suggestions made by Vigilance Department for systemic improvements in BIS.

तकनीकी सूचना सेवाएँ

भा मा ब्यूरो उद्योगों, आयातकों, व्यक्तियों तथा सरकारी एजेंसियों को उनकी पूछताछ के उत्तर में तकनीकी सूचना सेवाएँ उपलब्ध कराता है। इस प्रयास में इस अवधि के दौरान 600 से अधिक पूछताछों का उत्तर दिया गया।

पहचान संख्याओं को प्रायोजित करना

निम्नलिखित सेवाएं प्रदान की गई :

जारीकर्ता पहचान संख्या (आईआईएन)

आईएसओ / आईईसी 7812 -1 पहचान पत्र - जारीकर्ता की पहचान - भाग 1: संख्यांकन की पद्धति अन्तर्राष्ट्रीय तथा/अथवा अंतरउद्योग विनिमय में प्रयुक्त पहचान पत्रों के जारीकर्ताओं की पहचान के लिए संख्यांकन प्रणाली निर्दिष्ट करती है। यह संख्या मुख्य उद्योग तथा कार्ड जारी करने वाले की पहचान कराती है जो मुख्य लेखा संख्या का पहला भाग है। भामाब्यूरो अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (एबीए) को बैंकों / वित्तीय संगठनों के आवेदनों को प्रायोजित करके आईएसओ 7812-1 के अनुरूप आईआईएन को जारी करना सुविधाजनक बनाता है। इस अवधि में सोलह (16) जारीकर्ता पहचान संख्याएँ जारी की गई ।

संस्थान पहचान कोड (आईआईसी)

आईएसओ 8583 के अनुसार आईएसओ के प्राधिकरण के अंतर्गत अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (एबीए) द्वारा कार्ड से उत्पन्न वित्तीय लेनदेन के संदेशों में भाग लेने वाले वित्तीय संस्थानों को प्रदान की जाने वाली आईआईसी अनूठी संख्या है। यह अन्तर्राष्ट्रीय मानक एक सामान्य इन्टरफेस निर्दिष्ट करता है जिसके द्वारा प्राप्तकर्ताओं और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच वितीय लेनदेन कार्ड से उत्पन्न संदेशों का परस्पर आदान-प्रदान किया जा सकता है। यह संदेश का ढांचा, प्रारूप तथा विषय वस्तु, डाटा के घटक और डाटा घटकों के मूल्य निर्दिष्ट करता है ।

पंजीकृत आवेदन प्रदाता आईडेन्टीफायर (आरआईडी)

आरआईडी एक हार्डवेयर इंडेक्स कोड है जो पहचान कार्डों - एकीकृत परिपथ कार्डों में संपर्कों के साथ प्रयुक्त होते हैं । यह आईएसओ / आईईसी 7816-5 आईडेन्टीफिकेशन कार्डस् - इंटीग्रेटेड सर्किट कार्डस् - पार्ट 5 नम्बरिंग सिस्टम एंड रजिस्ट्रेशन प्रोसीजर फॉर एप्लीकेशन आइडेन्टीफायर्स के अनुसार आईएसओ के प्राधिकरण के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी, कोपेन हेगेन, डेनमार्क द्वारा आवंटित किया जाता है।

वर्ल्ड मैन्यूफैक्चरर आईडेन्टिफायर (डब्ल्यूएमआई) संख्या

सोसायटी ऑफ ऑटोमोटिव इंजीनियर्स (एसाई), यूएसए के साथ समन्वय करते हुए भा मा ब्यूरो आईएसओ 3780 : 1983 रोड व्हीकल्स - वर्ल्ड मैन्यूफैक्चरर आईडेन्टिफायर (कोड) के अनुसार डब्ल्यूएमआई कोड भारत के ऑटोमोबाइल निर्माताओं और निर्यातकों को जारी करने का उत्तरदायित्व पूरा करता है । वर्ष के दौरान डब्ल्यूएमआई कोड के आबंटन के लिए इक्कीस (21) संख्याएँ आवंटित की गई।

पुस्तकालय सेवाएँ

भा मा ब्यूरो का तकनीकी पुस्तकालय मानकों और संबंधित विषयों पर जानकारी का एक राष्ट्रीय संसाधन केंद्र हैं और उद्योगों, व्यापार, सरकार, अनुसंधानकर्ताओं तथा उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करता है। 1000 वर्ग मीटर में फैला यह पुस्तकालय आज दक्षिण एशियाई क्षेत्र में

TECHNICAL INFORMATION SERVICES

BIS provided Technical Information Services to Industry, importers, exporters, individuals and government agencies in response to their enquiries. In this endeavor, more than 600 enquiries were responded during the period.

SPONSORSHIP OF IDENTIFICATION NUMBERS

The following services were provided:

Issuer Identification Number (IIN)

ISO/IEC 7812-1 Identification Cards- Identification of issuers- Part 1: Numbering system specifies a numbering system for the identification of issuers of the identification cards used in international and/ or inter-industry interchange. This is a number that identifies the major industry and the card issuer and that forms the first part of the primary account number. BIS facilitates the issue of IIN as per ISO 7812-1 by sponsoring applications of Banks/Financial Organizations to the American Bankers Association (ABA). Sixteen (16) Issuer Identification numbers have been issued during this period.

Institution Identification Codes (IIC)

IIC is a unique number assigned to financial institutions participating in financial transaction card originated messages by American Bankers' Association (ABA) under the authorization of ISO in accordance with ISO 8583. This International Standard specifies a common interface by which financial transaction card originated messages may be interchanged between acquirers and card issuers. It specifies message structure, format and content, data elements and values for data elements.

Registered application provider identifier (RID)

RID is a hardware index code used in identification cards - integrated circuit cards with contacts. It is allotted in accordance with ISO/IEC 7816-5 Identification Cards- Integrated Circuit Cards: Part 5 Numbering System and Registration Procedure for Application Identifiers, by the Registration Authority, Copenhagen, Denmark under the authorization of ISO.

World Manufacturer Identifier (WMI) Number

In coordination with the Society of Automotive Engineers (SAE), USA, BIS fulfils the responsibility of issuing the WMI Codes as per ISO 3780 : 1983 Road Vehicles - World Manufacturer Identifier (Code), to the automobile manufacturers and exporters in India. Twenty-one (21) applications were processed for the allotment of WMI Code during the year.

Library Services

BIS Technical Library is a national resources centre for information on standards and related matters and meets the needs of industry, trade, government, researchers and consumers alike. It is today the largest library of standards in the South Asian Region, covering a floor

सबसे बड़ा पुस्तकालय है। इसमें विश्व भर के 6 लाख मानक और 70000 से अधिक तकनीकी पुस्तकें हैं। ब्यूरो के पुस्तकालय तंत्र में मुख्यालय (नई दिल्ली) का पुस्तकालय और मुंबई, कोलकाता, चंडीगढ़ और चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालयों के पुस्तकालय शामिल हैं। 08 सुविस्तृत विषयों की ग्रंथसूची तैयार कर और पसंद की संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराकर 4218 आगुंतकों को संदर्भ सेवाएं प्रदान की गई। पुस्तकालय की संदर्भ इकाई मानक निर्धारण विभागों को ग्रंथसूची उपलब्ध कराकर उनकी पूरी सहायता की। इसने भारतीय व्यापार एवं उद्योगों से प्राप्त 2858 छोटी एवं बड़ी जानकारियों का जवाब देकर उनकी सहायता की। सूचना प्रौद्योगिकी सेवा विभाग द्वारा रखे जाने वाला विश्व मानकों के यांत्रिकीकृत डाटाबेस "मानक संदर्भिका" को अद्यतन करने के लिए पुस्तकालय मूलभूत जानकारी देता रहा।

यहाँ प्राप्त सभी मानकों को डाटाबेस के इनपुट के लिए कूटबद्ध किया गया जिसमें अब 3 लाख तथा 49335 से अधिक अभिलेख शामिल हैं।

प्रशिक्षण सेवाएँ

प्रशिक्षण संस्थान

भारतीय मानक ब्यूरो ने उद्योग, सरकार और सेवा क्षेत्रों की प्रशिक्षण सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्ष 1995 में राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान (एनआईटीएस) की स्थापना की । यह संस्थान मई 2003 से अपने नौएडा स्थित कैम्पस से कार्य कर रहा है ।

उद्योग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, एनआईटीएस ने उद्योग के लिए 53 इन-हाउस कार्यक्रम, 36 ओपन कार्यक्रम और 6 लीड ऑडिटर के पाठ्यक्रम आयोजित किए, जिनसे 141.20 लाख रूपये का राजस्व अर्जित हुआ ।

अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

■ **प्रबन्ध पद्धति** : इस विषय पर चार सप्ताह की अवधि का पाँचवा अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सितम्बर, 2008 में आयोजित किया गया, जिसमें विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की आर्थिक सहायता से सात विकासशील देशों के 11 सहभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह इंडिया इंटरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। प्रमाण पत्रों का वितरण श्री राकेश कक्कड़, अपर सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 25 सितम्बर, 2008 को किया गया ।

area of 1000 square metres. The collection include about 6 lakh standards from all over the world and 70,000 technical books. The Bureau's library system comprises the Headquarters' Library (New Delhi) and four Regional Office Libraries at Mumbai, Kolkata, Chandigarh and Chennai. Reference services were provided to 4218 visitors by way of preparing 08 exhaustive subject bibliographies and making available, the reference materials of their choice. The reference unit fully supported the standards formulating departments by providing the bibliographies. It assisted the Indian Trade and Industry by answering 2858 long and short range queries as received from them. The Library continued to supply basis information for the updation of mechanized database of World Standards called "Manaksandarbhika" maintained by Information Technology Services Department. All the standards received here were codified as input for the database which now comprises above 3 lakh and 49335 records.

TRAINING SERVICES

Training Institute

Bureau of Indian Standards has set up National Institute of Training for Standardization (NITS) in the year 1995 to meet the training needs of industry, Government and Service sector. The institute is operating from its campus at NOIDA since May 2003.

Training Programmes for Industry

During the year, NITS organized 53 In-house programmes including 15 Lead Auditor Courses and 36 Open Programmes including 6 Lead Auditors Courses for the industry generating revenue of around Rs. 141.20 lakhs.

International Training Programmes

■ **Management Systems** : The 5th International Training Programme of four weeks duration on the above subject was organized in September 2008 which was attended by 11 participants from 7 developing countries with the financial support from Ministry of External Affairs, Government of India. Valedictory Function was organized at India International Centre, New Delhi. Certificates were distributed by Shri Rakesh Kacker, Additional Secretary, Department of Consumer Affairs, Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution, Government of India on 25 September 2008.

■ **मानकीकरण तथा गुणता आश्वासन :** आठ सप्ताह की अवधि का इकतालीसवां अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उपयुक्त विषय पर अक्टूबर-दिसम्बर 2008 के दौरान आयोजित किया गया, जिसमें 20 देशों के 33 सहभागियों ने भाग लिया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन समारोह एनआईटीएस में आयोजित किया गया, जिसमें श्री राकेश कक्कड़, अपर सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग ने 5 दिसम्बर, 2008 को सहभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए ।

हिन्दी सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

भा मा ब्यूरो मुख्यालय के अधिकारियों तथा स्टाफ के लिए 27 जून, 2008 को एनआईटीएस, नौएडा में एमएस वर्ड में हिन्दी सॉफ्टवेयर के उपयोग पर कार्यशाला आयोजित की गई ।

एनआईटीएस कर्मचारियों के लिए 24 मार्च 2009 को एनआईटीएस, नौएडा में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें हमारे रोजमर्रा के कार्य में हिंदी को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई ।

उपभोक्ता कल्याण निधि के अन्तर्गत कार्यक्रम

वर्ष के दौरान एनआईटीएस में राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों के लिए उपभोक्ता संरक्षण पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 24 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया । अब तक एनआईटीएस ने 23 कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें 447 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है ।

इस वर्ष "उपभोक्ता क्लब के अध्यापकों के लिए उपभोक्ता संरक्षण" पर भी एक नया कार्यक्रम आरम्भ किया गया तथा 16 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया । अब तक ऐसे 6 कार्यक्रम आयोजित किए गए और 110 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया ।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत उपभोक्ता शिक्षा, प्रशिक्षण, एचआरडी क्षमता -निर्माण पर केन्द्रीय सेक्टर योजना

उपभोक्ता शिक्षा, प्रशिक्षण, एचआरडी क्षमता - निर्माण पर 16.98 करोड़ रूपये के परिव्यय का एक योजना प्रस्ताव निम्नलिखित उद्देश्यों से भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया :

क) उपभोक्ता आंदोलन का और विस्तार करने के लिए उपभोक्ता के सभी वर्गों को शामिल करके उन्हें उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित करना ।

ख) मानकों का उपयोग करने की जानकारी का प्रचार करना तथा देश में गुणता संस्कृति को प्रोन्नत करना ।

ग) उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करने वाले क्षेत्रों में उनको प्रशिक्षण देना ।

घ) केन्द्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र निकायों के सेवा दाताओं को प्रशिक्षण प्रदान करना, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में सुधार के लिए वे अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें ।

वर्ष के दौरान एनआईटीएस में प्रचार संगोष्ठी और प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

■ **Standardization and Quality Assurance :** The 41st International Training Programme of 8-weeks duration on the above subject was organized during October – December 2008, which was attended by 33 participants from 20 countries. Valedictory Function was organized at NITS along with a cultural programme. Certificates to the participants were awarded by Shri Rakesh Kacker, Additional Secretary, Department of Consumer Affairs, Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution, Government of India on 5th December 2008.

Training Programme on Hindi Software

A Workshop on use of Hindi Software in MS Word was organized for officers and staff of BIS HQs on 27 June 2008 at NITS, Noida.

A Hindi Workshop for NITS employees was organized on 24 March 2009 at NITS, Noida where various issues relating to promoting Hindi in our day-to-day work were discussed.

Programmes under Consumer Welfare Fund

During the year, NITS conducted one programme on Consumer Protection for State and District Level Officers in which 24 officials were trained. So far NITS has conducted 23 programmes training 447 officials.

This year another programme on "Consumer Protection for Teachers of Consumer Club" was also conducted and 16 teachers were trained. Till now 6 such programmes have been conducted and 110 teachers trained.

Central Sector Scheme on Consumer Education and Training, HRD and Capacity Building under XIth Five Year Plan

A Plan Proposal on Consumer Education and Training, HRD and Capacity Building with the following objectives was approved by the Govt. of India with an outlay of Rs. 16.98 crores :

a) To involve consumer of all sections and educate them on their rights in order to spread the consumer movement further.

b) To disseminate the know how about use of the Standards and to promote quality culture in the country.

c) To impart training to consumers in areas which affect the health and safety of consumers.

d) To impart training to service providers of Central and State/UT governments and public sector undertakings to improve their services which will in turn improve consumer satisfaction.

During the year a Publicity Seminar and one Training of Trainers Programme was organized at NITS. The Funds

विभिन्न मदों के अंतर्गत निधियों का उपयोग निम्नानुसार है :

utilization under different components is as follows :

Sl. No. क्रम सं.	Component मद	Fund Allocated (in lakhs) आबंटित निधि (लाखों में)	Amount Spent (in lakhs) व्यय की गई राशि (लाखों में)
1.	Procurement of Training Aids for NITS एनआईटीएस के लिए प्रशिक्षण साधनों की खरीद	21.00	7.12
2.	Training Programmes प्रशिक्षण कार्यक्रम	8.00	3.82
3.	Up-gradation of Infrastructure of NITS for Educational and Promotional Activities for Consumer Awareness उपभोक्ता जागरूकता के लिए शैक्षिक तथा संवर्धनात्मक गतिविधियों के लिए एनआईटीएस की आधार संरचना का अपग्रेडेशन	50.00	0.00
4.	ATIs / SIRDs / PRIs एटीआईएस / एसआईआरडीएस / पीआरआईएस	–	53.46
5.	Infrastructure development at 3 ROs & 3 BOs 3 क्षेत्रीय कार्यालयों और 3 शाखा कार्यालयों में आधार संरचना का विकास	12.00	3.40
6.	Advertisements and Publicity through Seminars and Ads in Public Media संगोष्ठियों द्वारा विज्ञापन और प्रचार तथा सार्वजनिक मीडिया में विज्ञापन	3.00	1.92
7.	Software Development through outsourced agency बाहरी एजेंसी द्वारा सॉफ्टवेयर का विकास	1.00	–
8.	Accreditation of Training Institute (NITS) and Training Course प्रशिक्षण संस्थान (एनआईटीएस) और प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रत्यायन	1.00	–
	कुल Total	**96.00**	**69.72**

भा मा ब्यूरो अधिकारियों के लिए कार्यक्रम

वर्ष के दौरान विशिष्ट रूप से भा मा ब्यूरो अधिकारियों के लिए 6 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रोन्नत सहायक निदेशकों के लिए 2 सप्ताह का इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम, जाँच अधिकारियों, प्रेजेंटिंग अधिकारियों, प्रवर्तन अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुरूपता मूल्यांकन तथा नये सामान्य वित्त नियमों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं । 202 से अधिक भा मा ब्यूरो कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया ।

Programmes for BIS Officials

During the year 6 programmes were exclusively organized for BIS officials, which included 2 weeks Induction Training Programme for promoted Assistant Directors, Training Programme for Inquiry Officers, Presenting officers, Enforcement Officers, Training Programmes on Conformity Assessment and New General Financial Rules. More than 202 BIS employees have been trained.

उपभोक्ता संबंधित गतिविधियाँ

CONSUMER RELATED ACTIVITIES

मानक संवर्धन

STANDARDS PROMOTION

उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

Consumer Awareness Programmes

भारतीय मानकों का कार्यान्वयन अत्यन्त महत्वपूर्ण है और यह भारतीय मानक ब्यूरो का प्रमुख उद्देश्य रहा है । मानक संवर्धन तथा उपभाक्ता मामले विभाग मानकीकरण की अवधारणा, प्रमाणन तथा गुणता का उपभोक्ताओं में प्रचार करके इस दिशा में योगदान दे रहा है । इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए मानक संवर्धन तथा उपभोक्ता मामले विभाग विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों / शाखा कार्यालयों के माध्यम से नियमित रूप से जागरूकता

Implementation of Indian Standards is of great significance and has been a prime objective of the Bureau of Indian Standards. SP&CAD is contributing in this direction by promoting the concept of standardization, certification and quality amongst the consumers. For accomplishing this motive, SP&CAD is organizing regular Awareness Programmes through various ROs/BOs. These Awareness Programme are sometimes conducted

कार्यक्रम आयोजित कर रहा है । कई बार ये जागरूकता कार्यक्रम उपभोक्ता संगठनों के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं । वर्ष 2008-2009 के दौरान 116 कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

मानकों का शैक्षिक उपयोग कार्यक्रम (ईयूएस)

विद्यार्थियों तथा पेशेवर संस्थानों के संकाय को मानकीकरण व प्रबंध पद्धतियों के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है, ताकि वे अपनी वस्तुओं तथा सेवाओं में गुणता को अच्छी तरह से प्रारंभ कर सकें । मानक संवर्धन और उपभोक्ता मामले विभाग मानकों के शैक्षिक उपयोग पर नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसका विशिष्ट उद्देश्य पूर्ण देश में मानकीकरण के संदेश का प्रचार करना तथा विभिन्न पेशेवर संस्थाओं और विश्वविद्यालयों में नवीनतम भारतीय मानकों के प्रति जागरूकता पैदा करना है । ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को वितरित करने के लिए विशिष्ट क्षेत्रों से संबंधी संदर्भ सामग्री तैयार कर ली गई है । वर्ष 2008-09 के दौरान मानकों के शैक्षिक उपयोग (ईयूएस) पर 11 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं ।

उद्योग जागरूकता कार्यक्रम

उद्योग जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य लघु उद्योगों में मानकीकरण और प्रबंध पद्धतियों की अवधारणा का प्रचार करना है । ऐसे कार्यक्रमों में व्याख्यान और चर्चा शामिल है, जहाँ प्रतिभागी मानकीकरण, प्रबंध पद्धति, प्रमाणन, उत्पाद प्रमाणन और भा मा ब्यूरो की अन्य गतिविधियों के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हैं । क्षेत्र में उद्योगों की सघनता को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्यक्रमों में विशिष्ट औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित मानकों पर भी प्रकाश डाला जाता है । इन कार्यक्रमों को उस क्षेत्र के स्थानीय उद्योग संघों तथा लघु उद्योग सेवा संस्थानों के सहयोग से आयोजित किया जाता है । वर्ष 2008-09 के दौरान 13 उद्योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ

जन शिकायत

भा मा ब्यूरो प्रमाणित उत्पादों के बारे में उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जाती है और सुनवाई के लिए उनकी मॉनिटरी प्रतिमाह की जाती है । वर्ष 2008-09 के दौरान 50 शिकायतें पंजीकृत की गईं और 46 शिकायतों की सुनवाई व निपटान किया गया । भा मा ब्यूरो की जन शिकायत निपटान व्यवस्था के अंतर्गत शिकायतों को शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुसार नियत समय में निपटाने के प्रयास किए जाते हैं ।

क्षेत्रीय भाषाओं में लेख / राइटअप

उपभोक्ताओं के फायदे के लिए भा मा ब्यूरो की गतिविधियों के बारे में मुख्य रूप से क्षेत्रीय भाषाओं के स्थानीय ख्याति प्राप्त लेखकों द्वारा लिखे लेख/राइटअप स्थानीय समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं, उपभोक्ता संगठनों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं / बुलेटिनों / न्यूज लैटरों में प्रकाशित कराने की योजना है । इस उद्देश्य के लिए क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों द्वारा स्थानीय प्रमुख लेखकों से संपर्क किया जाता है ।

उपभोक्ताओं के लाभ के लिए प्रकाशित विवरणिकाएँ

भा मा ब्यूरो ने उपभोक्ता के हितों से सम्बद्ध विषयों पर कई विवरणिकाएँ प्रकाशित की हैं । इनमें से कुछ सम्बद्ध क्षेत्रीय/शाखा कार्यालय द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रकाशित की गई हैं ।

in association with Consumer Organizations.116 programmes have been conducted during the year 2008 - 09.

Educational Utilization of Standards Programmes (EUS)

The students and faculty of professional institutions need to be trained in the field of standardization and management systems, so that they are well equipped to introduce quality in goods and services to be delivered by them. SP & CAD has been regularly conducting programmes on Educational Utilization of Standards with the specific aim to propagate the message of standardization and to create awareness about latest Indian Standards in various professional institutes and universities through out the country. Special kit of Reference Material pertaining to specialized fields has also been prepared for distribution amongst the participants in such programmes. Eleven EUS Programmes carried out in the year 2008 - 09.

Industry Awareness Programmes

